अमर उजाला

खुलासा : सरकारी बैंक में सप्लाई होते थे नकली नोट, गोरखधंधे में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जो 50 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं, उसकी जांच में बड़ा खुलासा सामने आया है। नकली नोट छापने व सप्लाई करने में गांव जरेठा, बदायूं, यूपी की प्रधान का देवर यासीन शामिल था। इसकी छत्रछाया में ही नकली नोट छापे जा रहे थे। ये ही सरकारी बैंक के कैशियर को नकली नोट बैंक में देकर आता था। पहली बार ये बात सामने आई है कि सरकारी बैंक में भी नकली नोट दिए जा रहे थे।

दिल्ली पुलिस ने जब से नकली नोट छापने व सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, उस समय से ही यासीन फरार है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम उसे पकड़ने के लिए बदायूं व यूपी में कई जगह दबिश दे रही है।

एसीपी संजय दत्त व सुनील कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह, सुनील कुमार, एएसआई प्रेम प्रकाश और राजेश राणा की टीम ने अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास नोएडा लिंक रोड पर घेराबंदी कर बदायूं, यूपी निवासी आसिफ पुत्र जफरूद्दीन व उसके दो साथी दानिश अली पुत्र राहत अली और सरताज खान पुत्र अबरार खान को गिरफ्तार किया था।

Source: https://www.amarujala.com/delhi-ncr/fake-notes-were-supplied-in-government-banks-2024-01-05